<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**03 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का किया शुभारंभ। कहा– नई व्यवस्था से आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा उनका अधिकार।
- मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर एचवन एनवन और सिजनल इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा की। प्रभावित जिलों में निगरानी बढ़ाने और आवश्यक इंतजाम के दिए निर्देश।
- पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा बने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी।
- प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने छह सितम्बर तक के लिए दी भारी बारिश की चेतावनी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आउटसोर्स कर्मियों को उनका अधिकार मिलेगा।

***अब इस व्यवस्था के लागू होने के बाद, हम इस बात को मानते हैं कि अधिकार अब किसी व्यक्ति की कृपा पर नहीं मिलेंगे, बल्कि आपकी मेहनत पर प्राप्त होंगे। व्यवस्था अब बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहेगी और जानकारी अस्पष्ट नहीं होगी। यानी पूरी जानकारी का एक पोर्टल उपलब्ध होगा। कोई भी कर्मचारी जानना चाहेगा, उस पर उपलब्ध होगा। और मैं मानता हूँ, इसमें हमारा कर्मचारी अब अकेला नहीं होगा। आपके पास यह आउटसोर्स सेवा निगम आपके साथ होगा।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में साढ़े तीन लाख से ज्यादा आउटसोर्स कर्मी हैं। इस नई व्यवस्था में उन्हें 20 लाख से लेकर 40 लाख रुपये तक बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। साथ ही आकस्मिक इलाज के लिए पांच लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के हर एक जिले को एक जिला एक उत्पाद योजना के जरिए वैश्विक बाजार से जोड़ दिया है।

***डबल इंजन की सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की योजना लागू उसे तकनीक दिया। उसे बाजार दिया और उसे मार्केट के साथ जोड़ने का काम आज परिणाम हमारे सामने है। कारीगर के हाथ में जो कला थी, जब उसे बाजार दिया गया। बाजार मिला तो उसका हुनर प्रदेश में रोजगार बना। रोजगार बढ़ा तो वही कारीगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का हिस्सा भी बना।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में एच1–एन1 और सीजनल इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा की। एक रिपोर्ट –

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इन्फ्लुएंजा–ए की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और मेडिकल कॉलेजों में जांच, दवा और इलाज की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। श्री योगी ने अधिक मामले वाले जिलों में निगरानी बढ़ाने और गंभीर मरीजों के लिए अलग आईसीयू वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि दो सितंबर तक प्रदेश में एच1–एन1 के 685 प्रयोगशाला–पुष्ट मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य लक्षण वाले मरीज चिकित्सकीय सलाह के अनुसार घर पर आराम और सेल्फ आइसोलेशन करें, जबकि गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और पहले से गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संक्रमण से बचाव के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने पर भी जोर दिया, ताकि अनावश्यक घबराहट न फैले। समाचार कक्ष से अरुण।**

**********

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्रदेश भर में आज से विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो रही है। यह सत्रह सितंबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान चौदह से पंद्रह वर्ष तक की आयु वर्ग की लगभग दस लाख पात्र बच्चियों को एचपीवी से बचाव का टीका लगाने का लक्ष्य है। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन बी सिंह ने पात्र बच्चियों के टीकाकरण की अपील की ।

***14 से 15 साल के बीच की बच्चियों को एचपीवी वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। यह जो टीका है उनके सीए सर्विक्स या बच्चेदानी के कैंसर का बचाव का एकमात्र तरीका है। एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवा के अपनी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित रखें।***

**********

उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केन्द्र के तौर पर विकसित करने के उद्देश्य से आगामी आठ और नौ सितम्बर को लखनऊ में यू.पी. टैक्स–दो हजार छब्बीस का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज नोएडा में यू.पी. टैक्स– दो हजार छब्बीस का कर्टेन रेजर एवं रोड शो आयोजित होगा।

**********

पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को अयोध्या के श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के बाद कल इसकी घोषणा की गई।

***श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन नये सदस्य के नामों की भी घोषणा की जिनमें अयोध्या के वरिष्ठ वकील मदन मोहन पांडेय, दिल्ली के महेश भाकचंदका और शिकोहाबाद की रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ निर्मला यादव शामिल हैं। ट्रस्ट के अंतरिम जनरल सेक्रेटरी कृष्ण मोहन ने बताया कि ट्रस्ट के नये सीईओ एयर मार्शल सेवानिवृत जितेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में भी अहम भूमिका निभाई थी। वे 30 अप्रैल 2026 को रिटायर्ड हुए। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। श्री राम मंदिर में दान की चोरी के आरोपों के बाद सीईओ के चयन के लिए 6 जुलाई को तीन सदस्यों की एक कमिटि बनाई गई थी। सीईओ के पद के लिए साढे पांच हजार से ज्यादा आवेदन मिले थे। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्माष्टमी पर्व को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। वहां जन्माष्टमी पर पहली बार पांच सौ ड्रोन के जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया जाएगा। पर्व को देखते हुए कल वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम मंदिर से श्रीकृष्ण जन्म स्थान मथुरा के लिये उपहार सामग्री और अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर से वहां मंगल सामग्री भेजी गयी। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज मथुरा जिले के दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री वहां लगभग एक हजार इक्यावन करोड़ रुपये की दो सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**********

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने छह सितंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच, बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी, लखीमपुर खीरी में शारदा तथा तुर्तीपार में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की तरफ से बाढ़ राहत को लेकर लगातार कदम उठाये जा रहे हैं।

**जहां जहां बाढ़ का प्रकोप है उससे निपटने के लिए हमारी सरकार ने एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन को सक्रिय कर रखा है। चित्रकूट मंडल में लगातार मंदाकिनी नदी का प्रवाह बढ़ रहा है, जलस्तर बढ़ रहा है। वहां सतर्क रहने कहा गया है और सभी जो भी जहां बाढ़ आई थी सबको रेस्क्यू कर लिया गया है और बाढ़ राहत कार्यक्रम लगातार चल रहा है।**

प्रदेश में भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए चित्रकूट और चंदौली जिले में कक्षा बारहवीं तक, जबकि पीलीभीत और वाराणसी जिले में कक्षा आठवीं तक के स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

**********

चित्रकूट जिले में भारत कौशल प्रतियोगिता दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए युवाओं का पंजीकरण शुरू हो गया है। हमारे चित्रकूट प्रतिनिधि ने बताया कि प्रतियोगिता में तिरसठ विभिन्न कौशलों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण केंद्रों और संस्थानों में पंजीकृत अथवा पासआउट सोलह से तेइस वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवा इसमें आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी स्किल इंडिया डिजिटल हब पर पन्द्रह सितंबर दो हजार छब्बीस तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से संपर्क किया जा सकता है।

**********